Seventeenth Loksabha

an>

Welcome to Parliamentary Delegation from the Republic of Zimbabwe

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करना है कि आज सदन की विशिष्ट दीर्घा में जिम्बाब्वे गणराज्य के संसदीय मंडल के सदस्य विराजमान हैं। मैं अपनी तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से भारत की यात्रा पर आए हुए हमारे सम्मानित अतिथि जिम्बाब्वे की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष महामहिम एडवोकेट जैकब मुडेन्डा और वहां के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों का स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

जिम्बाब्वे के संसदीय शिष्टमंडल का भारत आगमन सोमवार, 5 दिसंबर, 2022 को हुआ था। शिष्टमंडल के सदस्यगण दिल्ली के अलावा आगरा की यात्रा भी करेंगे। उनका शनिवार, 10 दिसंबर, 2022 को भारत से प्रस्थान होगा। हम अपने देश में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं। उनके माध्यम से हम जिम्बाब्वे की संसद, वहां की सरकार तथा मैत्रीपूर्ण जनता को अपनी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

____